तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 6 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 तालाबों के आसपास के हटेंगे कब्जे, महापौर ...



11 धीरे-धीरे फीकी हो रही है औद्योगिक तीर्थ की ...



## खबर संक्षेप

### जनता के विश्वास की जीत कुशासन का अंत : दीपेश



**बेमेतरा।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस विजय को लोकतंत्र की सशक्त अभिव्यक्ति बताते हुए कहा कि यह जनता के अटूट विश्वास और समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। विधायक श्री साहू ने कहा कि यह जीत केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जन-जन की उम्मीदों और बदलाव की आकांक्षा की जीत है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय से भय, हिंसा और भ्रष्टाचार की राजनीति से जनता परेशान थी, लेकिन इस बार लोगों ने लोकतांत्रिक शक्ति का परिचय देते हुए कुशासन को नकार दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश में विकास, सुशासन और पारदर्शिता की जो नई दिशा तय हुई है, उसका असर अब राज्यों के चुनाव परिणामों में भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है। श्री साहू ने आगे कहा कि असम और पुडुचेरी में मिली सफलता यह दर्शाती है कि भाजपा की स्वीकार्यता देश के हर क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मूल मंत्र को इस जीत का आधार बताते हुए कहा कि केंद्र और भाजपा शासित राज्यों की योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ मिला है। विधायक दीपेश साहू ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों को इस जीत के लिए बधाई दी।

### आईपीएल क्रिकेट सट्टा, 4 गिरफ्तार

**भिलाई।** ऑनलाइन सट्टा ऐप से आईपीएल सट्टा में दांव लगाने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के पास से नगदी, मोबाइल जब्त किया गया है। पाटन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाजार चौक पाटन में कुछ युवकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैचों पर अवैध रूप से रुपये का दांव लगाकर सट्टा संचालित कर रहे थे। मौके पर पुलिस पहुंची और चारों युवको को पकड़ लिया। जिसमें सुभाष चौक पाटन निवासी करन देवांगन, शांति नगर भिलाई 3 उत्तम निषाद, ग्राम अटारी वार्ड 15 पाटन गोपाल निषाद, लोकेश उर्फ अरमान यादव शामिल है। युवकों द्वारा मोबाइल फोन जांच करने पर सायलेंट 777 ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलना, खिलाना पाया गया। पूछताछ में युवकों ने बताया कि 15 दिन पूर्व एप का लिंक खरीदकर आईपीएल सट्टा संचालन करना स्वीकार किया। पुलिस ने धारा 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के अंतर्गत अपराध जुर्म दर्ज किया। युवकों के पास से नगदी 10 हजार रुपये. चार मोबाइल 63 हजार रुपए का है। उक्त सामानों की कीमत कुल 73 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में पाटन थाना प्रभारी राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### होटल में शराब संचालक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि ग्राम सिलोदा निवासी दिलीप सिंह द्वारा अपने होटल सिलोदा रसमड़ा में अवैध रूप से शराब बेच रहा है। इसे लेकर मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी। घेरबंदी कर उसे पकड़ा गया। होटल चेक करने पर आरोपी के पास से देशी मसाला शराब 32 पौवा, नगदी रकम, मोबाइल,बिक्री राशि जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। मामले में जांच जारी है।



# भीषण गर्मी के बीच मौसम ने बदली करवट, आंधी और झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भीषण गर्मी की मार झेल रहे जिले में मंगलवार की शाम मौसम ने अचानक करवट बदल ली।

जिला मुख्यालय सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तेज आंधी-तूफान के साथ हुई झमाझम बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी, वहीं जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। बीते एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी बार है जब जिले में इस तरह का बदला हुआ मौसम देखने को मिला है। मंगलवार शाम करीब पांच बजे के बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए। कुछ ही देर में तेज गड़गड़ाहट और बिजली की चमक के साथ मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। मौसम विभाग की पूर्व चेतावनी के अनुरूप तेज अंधड़ के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे लोग अचानक हुई इस स्थिति से संभल नहीं पाए। बारिश से पहले चली तेज धूलभरी आंधी के कारण सड़कों पर दृश्यता काफी कम हो गई। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में इधर-उधर भागते नजर आए। हालांकि बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, लेकिन अचानक आए तूफान और अव्यवस्थाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। मौसम के इस बदले रुख ने लोगों को एक बार फिर सतर्क रहने की जरूरत का एहसास करा दिया है।

### विद्युत विभाग आपूर्ति बहाल करने में भारी मशक्कत

तेज हवाओं और तूफान का सबसे अधिक असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा। अंधड़ के चलते कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में देर रात तक बिजली गुल रही। विद्युत विभाग की टीमों को आपूर्ति बहाल करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, जिससे आमजन को असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

## शिविर : कहा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

# जन समस्या निवारण शिविर में मंत्री दयालदास बघेल ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने सुशासन तिहार के अंतर्गत जनपद पंचायत बेमेतरा की ग्राम पंचायत मोहरेंगा में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में पहुंचकर आम जनता की समस्याएं सुनीं।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी शिकायतें और मांगपत्र लेकर पहुंचे, जिनका मौके पर ही यथासंभव निराकरण किया गया। मंत्री बघेल ने आमजनों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत करें ताकि उनका त्वरित समाधान हो सके।

### अधिकारियों को सख्त निर्देश

मंत्री ने प्रशासनिक अमले को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी जवाबदेही के साथ कार्य करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने बताया कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में इस प्रकार के शिविरों का आयोजन किया जा रहा है ताकि प्रशासन को सीधे जनता के द्वार तक पहुंचाया जा सके। इससे लोगों को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और समस्याओं का तत्काल समाधान संभव होगा।



### हितग्राहियों को मिला लाभ

शिविर में मंत्री एवं कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया। 4 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, 6 को जाति प्रमाण पत्र, 3 को नए राशन कार्ड, 5 किसानों को किसान किताब, 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए, कार्यक्रम के अंत में मंत्री एवं कलेक्टर ने उपस्थित नागरिकों को टीबी मुक्त ग्राम और जिला बनाने की शपथ दिलाई। नागरिकों ने जागरूकता और सहभागिता से टीबी उन्मूलन में योगदान देने का संकल्प लिया। समग्र रूप से यह शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने तथा त्वरित समाधान देने की दिशा में प्रभावी पहल साबित हुआ।

### कलेक्टर ने भी दिए निर्देश

जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनें और समयसीमा में समाधान सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

### मौके पर ही हुआ निराकरण

शिविर में प्राप्त आवेदनों में राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली और कृषि से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। राशन कार्ड से जुड़े मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। नामांतरण और सीमांकन के लंबित प्रकरणों को जल्द निपटाने को कहा गया। गर्मी को देखते हुए पेयजल और बिजली आपूर्ति सुधारने के निर्देश दिए गए।

## घोटमर्रा उपकेंद्र में 5 ट्रांसफार्मर स्थापित, 11 गांवों को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्रामीण विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (दुर्ग क्षेत्र) ने साजा संभाग के अंतर्गत देवरबीजा वितरण केंद्र के 33/11 केवी घोटमर्रा उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि का कार्य पूर्ण कर लिया है। इससे क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सुविधा मिलने लगी है।

जानकारी के अनुसार, उपकेंद्र में लगे पुराने 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर को हटाकर उसकी जगह 5 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है, जिसे सफलतापूर्वक चार्ज भी कर दिया गया है। यह कार्य कार्यपालक निदेशक संजय खंडेलवाल के मार्गदर्शन एवं अधीक्षण अभियंता आर.के. मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस क्षमता वृद्धि का सीधा लाभ घोटमर्रा, हड़गांव, भेड़नी, चोटमर्रा, केछवई, कड़ई, हाड़ाहुली, कातुलबोड, मोतेसरा, रौद्र और डरजरा सहित कुल 11 गांवों के लगभग 2410 घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को मिलेगा। लंबे समय से बेहतर और स्थिर बिजली आपूर्ति की मांग कर रहे ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिली है।

नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या में कमी आएगी, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिल सकेगी। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को भी अब निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा। इस कार्य को सफल बनाने में विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. राय एवं एम.के. शुक्ला, सहायक अभियंता सी.एल. वर्मा एवं जी.पी. बंजारे, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक राठी सहित तकनीकी स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## देवरबीजा पीएचसी में एक्सपायरी दवाइयों को जलाने का आरोप, बायो-मेडिकल वेस्ट नियमों की खुली अवहेलना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जिले के ग्राम देवरबीजा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर गंभीर लापरवाही को लेकर चर्चा में है। यहां बायो-मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में भारी अनियमितता सामने आई है। अस्पताल परिसर में एक्सपायरी दवाइयों को खुले में फेंकने और जलाने के आरोप लगे हैं, जिससे पर्यावरण और ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ गया है।

**खुले में पड़ा मेडिकल कचरा, जले अवशेषों से खुलासा:** जानकारी के अनुसार, अस्पताल परिसर के बाहर बने टैंक में बड़ी मात्रा में एक्सपायरी दवाइयां और अन्य चिकित्सा अपशिष्ट खुले में पड़े मिले। वहीं मुख्य द्वार के पास दवाइयों के जले हुए रैपर और अवशेष पाए गए हैं। इससे संकेत मिलता है कि तय प्रक्रिया का पालन करने के बजाय मेडिकल वेस्ट को जलाकर नष्ट किया जा रहा है।

**नियमों को दरकिनार, साक्ष्य मिटाने की आशंका:** विशेषज्ञों के मुताबिक, बायो-मेडिकल वेस्ट का निपटान निर्धारित 'कलर कोडेड' बैग्स में संग्रहित कर अधिकृत एजेंसियों के माध्यम से किया जाना चाहिए। लेकिन यहां खुले में जलाने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है। इससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि प्रबंधन साक्ष्य मिटाने की कोशिश कर रहा है।

**पहले भी उजागर हो चुकी है लापरवाही:** गौरतलब है कि देवरबीजा पीएचसी में इस तरह की लापरवाही पहले भी सामने आ चुकी है और मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी। बावजूद इसके प्रबंधन के रवैये में कोई सुधार नहीं दिख रहा है, जो निगरानी तंत्र की कमजोरी को दर्शाता है।



### जिम्मेदारों पर उठ रहे सवाल

नियमों के अनुसार सीएमएचओ, बीएमओ, औषधि निरीक्षक और पर्यावरण विभाग को ऐसी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखनी चाहिए। इसके बावजूद बार-बार ऐसी घटनाएं सामने आना कई सवाल खड़े करता है। विशेष रूप से बेरला विकासखंड चिकित्सा अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं कि स्पष्ट उल्लंघन के बावजूद सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है।

### स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा

खुले में जलाए जा रहे मेडिकल वेस्ट से निकलने वाला धुआं और जहरीले तत्व आसपास के वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं, जिससे संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने इसे गंभीर स्वास्थ्य संकट बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### तत्काल जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग

स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई न जाए।

### सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत, स्कूटी सवार गंभीर

**भिलाई।** अलग-अलग सड़क हादसों में चालक की मौत हो गई है। वहीं स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना खुर्सीपार और भठ्ठी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि ट्रक एमएच 40 बीएल 3922 आगे थी। उसके पीछे तेज रफ्तार में सीजी 06 एचबी 7779 का चालक तेज रफ्तार में आ रहा था। इस दौरान खुर्सीपार सिग्नल के पास पीछे से ठोकर मारकर चालक शारदा पारा कैम्प 2 निवासी रोहित चौधरी ट्रक में फंसा रहा। पुलिस की मदद से उसे अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मृतक के ट्रक में स्वयं अकेला चलाते हुए आ रहा था। घटना सुबह 6.15 बजे की है। बताया जा रहा है कि घटना के समय एक ट्रक आगे चल रहा था।

## किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य के लिए विशेष पहल, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत निःशुल्क जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों के बीच किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को लेकर विशेष पहल की गई। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत ग्राम पंचायत मोहरेंगा (परियोजना बेमेतरा) और ग्राम पंचायत सल्धा (परियोजना बेरला) में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए।

जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) द्वारा भारत सरकार की कार्ययोजना के अनुरूप, कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन (एचबी) परीक्षण कर स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सेनेटरी पैड एवं "संगिनी दीदी के गोठ" पुस्तिका का वितरण किया गया। विशेषज्ञों द्वारा पोषण, संतुलित आहार, आयरन युक्त भोजन एवं आईएफए टैबलेट के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एनीमिया की रोकथाम, एचपीवी वैक्सीनेशन एवं बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बालिकाओं को स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके अलावा महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर—181 सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा पॉक्सो अधिनियम की जानकारी भी दी गई।



इस दौरान परियोजना अधिकारी, महिला सशक्तिकरण केंद्र, सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्डलाइन टीम, सेक्टर सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य जांच तक सीमित रहा, बल्कि किशोरियों को जागरूक, सशक्त और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास साबित हुआ।

## जनहित के कार्यों को प्राथमिकता

# समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें, गुणवत्ता से समझौता नहीं: खाद्य मंत्री बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दयालदास बघेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफटी) शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ईश्वर साहू सहित जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और खनिज न्यास निधि से स्वीकृत परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

मंत्री बघेल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि डीएमएफटी के अंतर्गत स्वीकृत सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि अनावश्यक देरी से योजनाओं की प्रभावशीलता प्रभावित होती है और जनता को मिलने वाले लाभ में बाधा आती है। बैठक में मंत्री ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी परियोजना में गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी कार्य निर्धारित मानकों और तकनीकी दिशा-निर्देशों के अनुरूप करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री ने कहा कि खनिज प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को योजनाओं का सीधा लाभ मिलना चाहिए, ताकि उनके जीवन स्तर में वास्तविक सुधार हो सके।

**फील्ड निरीक्षण बढ़ाने के निर्देश:** मंत्री बघेल ने अधिकारियों को नियमित रूप से ग्राउंड लेवल पर जाकर कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी।




### पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर

बैठक में कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग, संसाधनों के सही उपयोग और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा की गई। ग्रामीण एवं खनिज प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता देने की बात कही गई। इस अवसर पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पद्माकर, जिला खनिज अधिकारी रोहित साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं शासी परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित

दुर्ग। रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के महासचिव डॉ. राजेन्द्र गवई राष्ट्रीय की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष रामराव गोपालराव ढोक ने आरपीआई (गवई) छत्तीसगढ़ पार्टी सदस्यों को उनको पदों पर मनोनीत किया। इसमें प्रभु मोतीराम वासनिक उपाध्यक्ष, सितेन्द्र गजभिये उपाध्यक्ष, राजेश वासनिक महासचिव, राजेश लोनारे महासचिव, गोकुल प्रसाद बन्सोड सचिव एवं कनिपनाथ वासनिक नियुक्त किए गए। इस प्रकार आरपीआई (गवई) छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों के नामों को मनोनीत कर घोषणा की गई। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश आरपीआई (गवई) अध्यक्ष रामराव गोपालराव ढोक ने दी।

### भिलाई-चरोदा व पाटन में आज जनसमस्या निवारण शिविर

दुर्ग। राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 1 मई से 10 जून तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में 5 मई को विभिन्न नगरीय क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएंगे। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 6 के सामुदायिक भवन उमदा में वार्ड 1 से 6 तक के वार्डवासी जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होंगे। शिविर आयोजन हेतु नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त दशरथ सिंह राजपूत को नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी सहायक अभियंता हेमंत साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं नगर पंचायत पाटन में वार्ड 9 स्थित नगर पंचायत पाटन कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में वार्ड 3, 8, 9, 10, 11, 12 के वार्डवासी भाग लेंगे। नोडल अधिकारी मु.न.पा.अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा एवं सहायक नोडल अधिकारी उप अभियंता प्रवीण कुमार साहू होंगे।

### चीचा में जनसमस्या निवारण शिविर आज

दुर्ग। राज्य शासन द्वारा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनपद पंचायत धमधा के ग्राम चीचा में 6 मई को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में भाठाकोकड़ी, मुडपार, डोड़की, देउरकोना, चीचा, अरसी, सुखरीकला, लिटिया, पुरदा, गाडाडीह, करेली, सेमरिया लि., जोगीगुफा, हसदा, चिखला, बिरेझर, खर्रा, रौता, टेमरी, फुण्डा, सिलतरा, नवागांव (पु), पथरिया (डो), डोमा, पोटिया (से.), सेवती, हिर्री, मड़ियापार, परसदापार ग्राम शामिल है। शिविर में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बजरंग दुबे को नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी जनपद पंचायत धमधा मु.का.अधिकारी किरण कुमार कौशिक को नियुक्त किया गया है।

### सुशासन तिहार : 7 को वार्ड 60 में विशेष शिविर

दुर्ग। सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 23 मई तक क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्रतिदिन सुबह 9 से शाम 4 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं में पारदर्शिता लाना, उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। 7 मई को शासकीय प्राथमिक शाला, कतुलबोर्ड, वार्ड 60 में शिविर लगाया जाएगा। जिसमें 14 से 24, 47, 58, 59 एवं 60 वार्ड के नागरिक अपनी समस्याएं रख सकते हैं। शिविर में नागरिकों को राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन योजना आदि समस्याओं के निराकरण की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# तालाबों के आसपास के हटेंगे कब्जे, महापौर बाघमार ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के प्रमुख एवं ऐतिहासिक जलस्त्रोतों में शामिल डोंगिया बांधा तालाब में व्याप्त जलकुंभी को हटाने निगम ने अभियान की शुरुआत की गई है। इस दौरान वार्ड 2 और 4 का महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, शेखर चन्द्राकर, पार्षद गोविंद देवांगन, पार्षद रंजिता पाटिल, ममता देवांगन, मंडल महामंत्री नवीन साहू सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे। तालाब में फैली जलकुंभी की समस्या को लेकर एमआईसी सदस्य लीना देवांगन एवं पार्षद गोविंद देवांगन लगातार मांग कर रहे थे। इसके बाद यह सफाई शुरू कराई गई। निगम द्वारा पिछले एक सप्ताह से मशीनों के माध्यम से लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने तालाब के निकास क्षेत्र, विशेषकर नया पारा स्थित साहू सदन के पास की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। यहां पर हुए अवैध कब्जों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को तत्काल हटाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बरसात के दौरान तालाब के ओवरफ्लो होने पर इन अवरोधों के कारण पानी की निकासी बाधित होती है।

## खाई तालाब का किया निरीक्षण, अभियान चलाकर हटाई जा रही जलकुंभी



### हत्यारा खाई तालाब के आसपास के कब्जा हटाने के निर्देश

इसके अलावा महापौर ने राजीव नगर स्थित हत्यारा खाई तालाब का भी निरीक्षण किया, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल अवैध निर्माण हटाने और जल निकासी व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए। महापौर बाघमार ने कहा कि डोंगिया बांधा तालाब शहर के जल प्रबंधन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबाई में फैला यह एल-आकार का तालाब गया नगर (वार्ड 4), राजीव नगर (वार्ड 2) से होते हुए बघेरा (वार्ड 56) तक विस्तारित है। इस तालाब में गिरधारी नाला सहित 15 से अधिक वार्डों का पानी आकर मिलता है, जिससे इसकी नियमित सफाई एवं संरक्षण आवश्यक हो जाता है।

## महापौर परिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण फैसले

# जून तक संपत्तिकर जमा किया तो मिलेगी 6% की छूट, पुराने प्रशासनिक भवन की दुकानें निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग की महापौर परिषद की बैठक सोमवार को डाटा सेंटर में हुई। बैठक में संपत्तिकर में छूट पर चर्चा हुई। इसके बाद वर्ष 2026-27 वित्तीय वर्ष के लिए अप्रैल से जून तक 6 प्रतिशत, जुलाई से सितंबर तक 4 प्रतिशत और अक्टूबर से दिसंबर तक 2 प्रतिशत की छूट देने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं जनवरी से मार्च के बीच कोई छूट नहीं दी जाएगी। 1 अप्रैल से अधिभार वसूला जाएगा। एमआईसी ने इस निर्णय पर सहमति दे दी। इसके अलावा बैठक में तहसील कार्यालय के सामने जर्जर पुराने प्रशासनिक भवन में संचालित दुकानों का आवंटन निरस्त करने का प्रस्ताव लाया गया, जिस पर सहमति दी गई। निगम ने तय किया है कि इस जगह पर नया निर्माण किया जाएगा। इसकी कार्ययोजना के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जानकारी के मुताबिक इस क्षेत्र में अब भी 10 से ज्यादा दुकानें संचालित हो रही हैं। महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में शाम 4 बजे डाटा सेंटर में यह बैठक शुरू हुई। बैठक में निर्माण कार्यों, शहर सौंदर्यीकरण, सड़क चौड़ीकरण, कर व्यवस्था एवं विभिन्न विकास कार्यों से जुड़े कई अहम एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा उपरांत अनेक प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। इस अवसर पर आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, मनीष साहू, लीलाधर पाल, शिव नायक, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, प्रकाश चंद थवानी, मो.सलीम सिद्दीकी, गिरीश दीवान, दुर्गेश गुप्ता, सुरेश केवलानी, रेवाराम मनु,अभ्दय मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## धमधा नाका से आदित्य नगर होकर रायपुर नाका के लिए बनेगी सड़क



### व्यर्थ बह रहे सार्वजनिक नलों में लगेंगी टोटियां, दिए निर्देश

बैठक में महापौर ने मंगाए गए 10 बिंदुओं पर विभागीय जानकारी प्रस्तुत की गई और संबंधित विषयों पर सदस्यों ने विचार-विमर्श किया। नलघर व्यावसायिक परिसर की 13वीं निविदा पर भी चर्चा हुई। निविदाकारों में गणेश्वरी पटेल, सौरभ पटेल, राघवेंद्र वर्मा, रूप सिंह वर्मा, रिचा अग्रवाल एवं रितेश अग्रवाल शामिल रहे।ऑफर दर ऑफसेट मूल्य से अधिक होने के कारण इस विषय को भी अगले एमआईसी में निर्णय हेतु रखा गया है,जिसको स्वीकृति दी गई। मेघगंगा ग्रुप के मनीष पारख द्वारा अग्रसेन चौक तक स्वयं के व्यय से सौंदर्यीकरण कार्य कराने संबंधी प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में भीषण गर्मी में पानी की जरुरत और व्यर्थ बहते पानी को लेकर सार्वजनिक जगहों पर टोटियां लगाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।

### राजेंद्र पार्क से शहीद चौक तक नए फोरलेन को लेकर हुई चर्चा

शहर के अधोसंरचना विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं पर भी बैठक में चर्चा हुई। इनमें नगरोत्थान योजना अंतर्गत धमधा मार्ग से आदित्य नगर होते हुए रायपुर नाका अंडरब्रिज तथा हनुमान नगर से जुनवानी रोड तक सड़क चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य शामिल हैं। करीब 6 करोड़ रुपए की लागत से इस कार्य को किया जाना है। टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके अलावा राजेंद्र पार्क चौक से शहीद चौक होते हुए अंडरब्रिज तक तथा आईएमए चौक से अग्रसेन चौक तक फोरलेन सड़क निर्माण पर भी चर्चा की गई। अधोसंरचना मद अंतर्गत साइंस कॉलेज के बाजू स्थित केनाल रोड पर जीई रोड से स्टेशन रोड तक केनाल रोड निर्माण कार्य को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

### महिला समृद्धि बाजार की दुकानों को नोटिस

महापौर ने विद्युत एवं जल कार्य विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। बैठक में कुआं चौक क्षेत्र में यातायात बाधित करने वाले ठेले-खोमचे हटाने और दोबारा अतिक्रमण न होने की सख्त हिदायत दी गई। पुराना बस स्टैंड से कपड़ा मार्केट तक नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया। साथ ही महिला समृद्धि बाजार की दुकान खाली कराने हेतु पुनः नोटिस जारी करने और ओम ज्वेलर्स द्वारा किए गए सड़क अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए। महापौर ने कहा कि भीषण गर्मियों को ध्यान में रखते हुए नागरिक पानी व्यर्थ न बहने दें। अपने घर एवं घर के बाहर लगे नलों में अनिवार्य रूप से टोटी लगवाएं, ताकि पानी की बचत सुनिश्चित हो सके।

# कांग्रेस पदाधिकारियों ने पूर्व सीएम से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ पूर्व मुख्यमंत्री को संगठन विस्तार की दी जानकारी

कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत शहर कार्यकारिणी, ब्लाक कार्यकारिणी मंडल कार्यकारिणी, बूथ कार्यकारिणी की नियुक्ति की जा रही है। साथ में कांग्रेस के अलग-अलग प्रकोष्ठों में भी लगातार नियुक्ति कर कांग्रेस संगठन का दुर्ग शहर में विस्तृत विस्तार किया जा रहा है। मजदूर दिवस पर सैकड़ों अन्य पार्टी के नेताओं के कांग्रेस प्रवेश दुर्ग में कांग्रेस मजबूत हुई है।

सोमवार को कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों की नियुक्ति पश्चात धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की। संगठन की विस्तार की जानकारी दी। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता दीपक चावड़ा का पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों कांग्रेस प्रवेश कराया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी नवनियुक्त प्रकोष्ठ के अध्यक्षों को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी और जल्द ही कार्य करने की नियुक्ति कर संगठन का विस्तार करने का निर्देश दिया। मुलाकात करने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, प्रकाश शिवलकर, शंकर ठाकुर, राकेश ठाकुर, दीपक बंसल, शिवाकांत तिवारी, दलजीत सिंह शामिल थे।

### दुर्ग की श्रेष्ठा बनीं राज्य अंडर-7 बालिका शतरंज चैंपियन, मेधांश बने उपविजेता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर-7 ओपन एवं बालिका वर्ग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 2 एवं 3 मई को आयोजित किया गया था जिसमें दुर्ग जिले के नन्हे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया। दुर्ग की श्रेष्ठा भारद्वाज ने बालिका वर्ग में 6 में से 5 अंक अर्जित कर राज्य चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, वहीं मेधांश सोरी ने अंडर-7 ओपन वर्ग में समान अंक प्राप्त कर उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

# महापौर ने कराया मोबाइल मेडिकल यूनिट में चेकअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट बसों के माध्यम से शहर की स्लम बस्तियों में लगातार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 2 राजीव नगर में आयोजित शिविर का महापौर अलका बाघमार द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं निगम अमले के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर अलका बाघमार ने स्वयं अपनी स्वास्थ्य जांच कराकर सेवाओं का अनुभव लिया। स्टाफ द्वारा उनका ब्लड प्रेशर एवं शुगर टेस्ट किया गया। पश्चात उन्होंने उपस्थित डॉक्टरों से मरीजों को दी जा रही दवाइयों एवं उपचार की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि राज्य शासन की संवेदनशील पहल के चलते आज शहर के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर स्लम बस्तियों में रहने वाले नागरिकों को उनके घर के नजदीक ही निःशुल्क एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से मरीजों के इलाज के साथ-साथ 41 प्रकार के विभिन्न लैब टेस्ट भी किए जाते हैं। प्रत्येक शिविर में औसतन 75 से अधिक मरीजों को लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, गोविंद देवांगन, रंजीता पाटिल, ममता देवांगन, मनीष यादव सहित निगम का अमला उपस्थित रहा।

# कांग्रेस में प्रकाश को मिली बड़ी जवाबदारी बनाए गए इंटक के दुर्ग शहर अध्यक्ष



दुर्ग। युवा नेता प्रकाश शिवणकर को दुर्ग शहर जिला छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय श्रमिक संघ(इंटक) का अध्यक्ष बनाया गया है। उनकी यह नियुक्ति इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजीव रेड्डी एवं राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिंह की अनुशंसा एवं जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के अनुमोदन पर इंटक के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार साहू द्वारा की गई है। श्री शिवणकर की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। बता दें कि इंटक के नवनियुक्त दुर्ग शहर अध्यक्ष प्रकाश शिवणकर कांग्रेस के विचारधारा व सिद्धांतो से प्रभावित होकर लंबे समय से पार्टी में योगदान दे रहे है। वे 1987 में एनएसयूआई के सचिव व 1996 में युवक कांग्रेस दुर्ग के उपाध्यक्ष पद को भी सुशोभित कर चुके है। वर्तमान में वे भिलाई स्टील प्लांट रेल मिल के उपाध्यक्ष हैं। सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में लगातार उनकी सक्रियता पहचान है। नियुक्ति पर शिवणकर को मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद, पूर्व सभापति राजेश यादव, छाया महापौर प्रेमलता साहू, कल्याण सिंह ठाकुर, वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह, अनिल जायसवाल, पूर्व पार्षद नजहत परवीन, राजकुमार वर्मा, अशोक मेहरा, खालिद हुसैन बाबा, संतोष खिरोड़कर, सांई मंदिर समिति के सचिव धनेंद्र चंदेल, अजय सुरपाम, शिवाकांत तिवारी आदि ने शुभकामनाएं दी है।

# कलेक्टर ने लीजेसी वेस्ट प्रबंधन की धीमी गति पर जताई नाराजगी, काम पूरा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह पोटियाकला वार्ड क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने लीजेसी वेस्ट प्रबंधन की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने निर्देश दिए कि पोटियाकला लीजेसी वेस्ट का कार्य तत्काल पुनः प्रारंभ कर अगले 10 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने पोटियाकला एसएलआरएम सेंटर में जमा कबाड़ के निराकरण हेतु ऑनलाइन ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू करने और केंद्र के रुके हुए कार्यों को तत्काल गति देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। पश्चात इंदिरा मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग स्थल पहुंचे। वहां उन्होंने निर्माण स्थल के आसपास से ठेले एवं गुमटियों को हटाने, पेड़ों की छंटाई करने और भूमि के समतलीकरण (लेवलिंग) का कार्य जल्द पूरा करने कहा ताकि निर्माण कार्य में कोई बाधा न आए।

निरीक्षण के दौरान जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने सरस्वती नगर एएचपी का भी भ्रमण किया। यहाँ उन्होंने नालियों की सफाई सुनिश्चित करने और निर्माण सामग्री को सड़कों से हटाने के निर्देश दिए। पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु उन्होंने बोर से सीधे ओवरहेड टैंक में पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी निर्देश दिए। उन्होंने उरला एसटीपी के संबंध में सीमांकन प्रतिवेदन तत्काल मंगवाने के निर्देश दिए ताकि प्रोजेक्ट की स्थिति स्पष्ट हो सके। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को सचेत किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय समय सीमा के भीतर जनहित के सभी कार्य पूरे होने चाहिए।

## सही दवा-शुद्ध आहार थीम पर सघन जांच अभियान

# औषधि प्रशासन की मेडिकल और होटलों में जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य शासन द्वारा 27 से 11 मई तक सही दवा-शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किये जाने के लिए प्रत्येक जिले में कार्यरत खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

■ आठवें दिन मानसिक बीमारियों से जुड़ी दवा की जांच

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का जांच व निरीक्षण किया। जिसमें औषधि शाखा द्वारा जांच अभियान के तृतीय चरण व आठवें दिवस स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधियों की जांच के तहत जिले में स्थित थोक औषधि विक्रेताओं को चिन्हाकित कर क्रय-विक्रय संबंधित दस्तावेजों की जांच करना शामिल है।

### पिछले 8 दिनों से चलाया जा रहा अभियान

खाद्य शाखा द्वारा जांच अभियान में जिले में संचालित मेसर्स अग्रवाल बेवरेजेस, सुपेला, भिलाई, मेसर्स शिव शक्ति बेवरेजेस, कैलास नगर, भिलाई, अमर बेवरेजेस, कैलास नगर, भिलाई, सरयू बेवरेजेस चिखली, दुर्ग, मेसर्स आर. एस. प्रोडक्ट, नंदनी एवं रूद्र जल एग्रो बेवरेजेस, रसमड़ा का जांच व निरीक्षण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किया गया, जिसमें संचालकों को उचित साफ-सफाई के साथ व्यवसाय संचालित किये जाने एवं साथ ही साथ निर्देशित किया गया कि नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



### 8 थोक औषधि विक्रेताओं के दस्तावेजों का किया परीक्षण

जिले में संचालित कुल 8 थोक औषधि विक्रेता मेसर्स नियोलिफ लाईफ साइंसेज, हनुमान नगर दुर्ग, टीएसव्ही एजेंसीज, ईथीराज टॉवर, भिलाई, मेसर्स श्री सिद्ध विनायक फार्मेसी, सिद्ध विनायक अस्पताल परिसर, चंद्रामौर्या टॉकिज के पास, भिलाई एवं मेडिसिन स्क्वेयर, डिपरापारा, स्थित धन्वंतरी एजेंसीज, शांति मेडिकोज, कामदार मेडिकोज, इंडियन मेडिकोज एवं भग्यश्री एजेंसीज दुर्ग का जांच व निरीक्षण किया गया एवं क्रय-विक्रय दस्तावेजों का परीक्षण कर मिलान किया गया फर्म से फुटकर औषधि विक्रेताओं को वितरित स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों का सुक्षमता से निरीक्षण किया गया एवं राज्य के बाहर से खरीदी जाने वाली औषधियों का क्रय-विक्रय दस्तावेज का मिलान किया गया। समस्त फर्मो को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियम 1945 का कड़ाई से पालन करते हुए फर्म संचालन के निर्देश दिये गए। ।भविष्य में भी इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# समाजों में हो रहे बदलावों और किए जाने वाले सुधारों पर सर्वसमाज ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सामाजिक सद्भाव कार्य टोली चरोदा- भिलाई 3 के तत्वावधान में सर्वसमाज का सामाजिक सद्भाव बैठक भिलाई-तीन में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील पटेल द्वारा की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी समाज जनों के मध्य एकजुटता, राष्ट्रहित एवं समाज हित में सभी समाजों का आपसी समन्वय व सहयोग स्थापित करना था। कार्यक्रम में सभी समाज से आए लोगों ने बारी-बारी से अपने समाज में हो रहे बदलावों और उसमें किए जाने वाले आवश्यक सुधारो को बैठक में रखा। मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा ने वर्तमान सामाजिक परिदृश्य पर अपने विचार अभिव्यक्त किये, साथ ही राष्ट्रहित में भी अपने विचारों को सभी समाजजनों के बीच में रखा। उन्होंने अपने संबोधन में समाज में व्याप्त सभी प्रकार की कुरीतियों और बुराइयों को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेने सभी समाजजनों से अनुरोध किया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुनील पटेल ने ऐसे कार्यक्रमों को हर त्रैमासिक अंतराल में कराने की बातें कही। जिससे कि सभी समाजों के बीच आपसी भाईचारा और सद्भाव जमीनी स्तर पर कायम रहे और साथ ही हम एक सफल राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। श्री पटेल ने भविष्य में होने वाले ऐसे और कार्यक्रमों में और अधिक से अधिक समाज प्रमुखों को और युवाओं को जोड़ने का अनुरोध किया।

## खबर संक्षेप



### नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने की कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने सुगम व सुरक्षित ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई किया है। इस दौरान कुल 67 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा संशोधित साइलेंसर लगे 4 बुलेट वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। रात के समय बाजार क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए आकाश गंगा मार्केट, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला मार्केट, पावर हाउस मार्केट क्षेत्र में विशेष जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के बाहर रखे सामान, बोर्ड को हटाने, सड़क पर अतिक्रमण समाप्त करने, ट्रैफिक बाधा उत्पन्न करने वाले कारणों को तुरंत हटाने को कहा गया है। दोपहिया वाहनों को निर्धारित सफेद पट्टी के भीतर ही खड़ा करने, दुकानदारों द्वारा स्वयं निगरानी के लिए गार्ड तैनात करने,नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों पर नियमित सख्त कार्रवाई किया जा रहा है।

### बीएसपी में सुरक्षा नाट्य प्रस्तुति

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग (एसईडी) द्वारा सुरक्षा नाट्य जागरूकता कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तीर्थंकर दस्तीदार थे। विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व मुख्य महाप्रबंधक भी उपस्थित थे। नाटक से सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। श्री दस्तीदार ने कहा कि सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक साझा जिम्मेदारी है, जो कार्यस्थल से आगे बढ़कर दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा प्रस्तुत सुरक्षा की देवी और दुर्घटना का बादशाह" तथा इप्टा द्वारा प्रस्तुत सतर्कता ही बचाव है" ने प्रभावी ढंग से यह दर्शाया कि लापरवाही एवं असुरक्षित व्यवहार दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

### पेज 9 का शेष

### घोटमर्रा उपकेंद्र में ...

अधिकारियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से अब बढ़ते विद्युत लोड को आसानी से संभाला जा सकेगा, जिससे गर्मी के मौसम में बिजली ट्रिपिंग की समस्या में भी कमी आएगी और उपभोक्ताओं को सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

## यूनियनें व जन प्रतिनिधि भिलाई बचाओ आंदोलन की राह पर

# धीरे-धीरे फीकी हो रही है औद्योगिक तीर्थ की चमक आधा दर्जन सार्वजनिक उपक्रमों का अस्तित्व विलुप्तप्राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

निजीकरण के दौर में अब औद्योगिक नगरी भिलाई की चमक धीरे धीरे फीकी पड़ती जा रही है। सार्वजनिक और केंद्रीय उपक्रमों पर सरकार के कसते शिकंजे से सैकड़ों कर्मियों और मजदूरों का भविष्य अधेरे में होने से असंतोष बढ़ रहा है। पिछले कुछ सालों के दौरान कई उद्योग बंद हो चुके हैं या निजीकरण हो चुका है। वहीं भिलाई इस्पात संयंत्र का भी टुकड़ों में निजीकरण होने से सैकड़ों कर्मचारियों के सड़क पर आने की नौबत आ गई है। इसका यूनियनों व जन प्रतिनिधियों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक नगरी की पहचान साठ के दशक में स्थापित एशिया के इस्पात क्षेत्र के सबसे बड़े एकीकृत सार्वजनिक उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र के रुप में रही है। पिछले पचास, साठ साल के दौरान यहां आधा दर्जन सार्वजनिक क्षेत्र और केंद्र सरकार के उपक्रम स्थापित किए गए थे। यूनियनों के मुताबिक भिलाई की तरह देश में बड़े बड़े उपक्रमों का उद्देश्य 2 वर्ष की गुलामी से बदहाल देश को आत्मनिर्भर बनाना था। इन उद्योगों में हजारों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ देश को आत्मनिर्भर बनाना था। इस दौर में औद्योगिक तीर्थ भिलाई में 1956 में 70 हजार मेन पावर वाले भिलाई इस्पात संयंत्र की नींव पहले प्रधानमंत्री पं. नेहरु ने रखी थी। इसके बाद 70 के दशक में अन्य सार्वजनिक उपक्रम भारत दूर संचार निगम टेलीकाम कारखाना औद्योगिक क्षेत्र, एचएससीएल ( हिंदुस्तान स्टील कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड ( एफएसएनएल) और भारत रिफेक्ट्रीज प्लांट ( बीआरपी) आदि आधा दर्जन पीएसयू स्थापित किए गए। इनमें हजारों लोगों को रोजगार के साथ इनसे प्रदेश व देश के विकास को गति भी मिली। लेकिन सरकार की बदली आर्थिक व उद्योग नीति के चलते पिछले कुछ साल के दौरान इन अधिकतर उद्योग निजीकरण या विनिवेशीकरण की चपेट में आने से वजूद खो चुके हैं । कुछ वाइंडअप या विलय हो चुके हैं व स्वतंत्र अस्तित्व वाले एकमात्र धीरे धीरे किस्तों में निजीकरण या ठेकाकरण की ओर बढ़ रहा है। निजीकरण के खिलाफ जन प्रतिनिधियों व यूनियनों के भिलाई बचाओ आंदोलन के दौर के बाद भी हजारों कर्मियों पर छंटनी के साथ सुविधाओं की तलवार भी लटक रही है।

### भिलाई इस्पात संयंत्र टुकड़े-टुकड़े में निजीकरण की ओर



### तीन हो चुके बंद, एक का हुआ निजीकरण

भिलाई में शहर से लेकर प्रदेश तक के विकास में महती योगदान देने वाले आधा दर्जन बड़े उद्योगों का अस्तित्व खत्म हो चुका है और कुछ खत्म होने की कगार पर हैं। श्रमिक संगठनों के मुताबिक उद्योगों के बंद हो जाने से हजारों लोग बेकार हो गए उनकी आर्थिक सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा में कटौती के साथ इनसे शहर के अन्य उद्योग, व्यवसाय से जुड़े लोग भी प्रभावित हो रहे हैं। प्रमुख उपक्रमों में पुरजोर विरोध के बाद भी 5 माह पूर्व एफएसएनएल का निजीकरण किया जा चुका है। कर्मियों की छंटनी के विरुद्ध यूनियन की हड़ताल की चेतावनी बाद आश्वासन उपरांत निर्णय वापस लिया गया। 2 साल पूर्व पूर्व बीएसएनएनएल टेलीकाम फैक्ट्री को भी वाइंडअप किया जा चुका है। इसके पूर्व 5 हजार से अधिक वर्कर्स वाला एचएससीएल भी बंद हो चुका है, यहां मात्र एक अधिकारी बचे हैं। इसी तरह घाटे में चल रहे भारत रिफ्रेक्ट्रीज प्लांट मडौदा को वाइंडअप करने के विरोध में हुए आंदोलन के चलते इसे दो दशक पूर्व सेल में मर्ज कर किया गया था।

### बीएसपी पर कसता शिकंजा

भिलाई इस्पात संयंत्र नामक जिस फौलादी कारखाने के नाम से भिलाई को औद्योगिक तीर्थ के रुप में पहचान मिली, अब उस बीएसपी पर भी सरकार निजीकरण का शिकंजा कस रही है। पिछले एक दशक से टुकड़े टुकड़े में इसका ठेकाकरण कर धीरे धीरे निजीकरण की तैयारी चल रही है। यूनियनों के मुताबिक बीएसपी के सफाई, चिकित्सा, शिक्षा,मेंटेनेंस और संयंत्र के अंदर कई विभागों व अनुभागों में मेंटेनेंस आदि कार्य निजी कंपनियां कर रही हैं। सेक्टर 9 हास्पिटल, 3 बीएसपी स्कूल, मैत्रीबाग के निजीकरण के विरोध में यूनियनों व विधायक देवेंद्र यादव द्वारा भिलाई बचाओ आंदोलन किया जा रहा है। इसके तहत मेन पावर कम करने वीआर सीआर की प्रक्रिया शुरु हो गई है। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि 60 साल पूर्व सामाजिक सुरक्षा के लिए खोले गए उद्योगों को अब निजी हाथों में सौंपे जाने के दौर से हजारों लोग सड़क पर आ जाएंगे। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। छंटनी सहित कई मांगों को लेकर इंटक ने 11 मई को बड़े धरने का ऐलान किया है। महासचिव संजय साहू बताते हैं कि बीएसपी कर्मियों ठेका मजदूरों की मांगों को लेकर सेल चेयरमेन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## लंबित एरियर्स नहीं मिलने से कर्मचारियों में बढ़ा असंतोष



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टील इंमप्लाईज यूनियन इंटक के अपेक्स कमेटी की बैठक सेक्टर 3 यूनियन कार्यालय में हुई। बैठक में प्रबंधन के कर्मचारी विरोधी निर्णयों को वापस लेने की मांग की गई। इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के लिए सेल प्रबंधन के कर्मचारी विरोधी निर्णय पर आक्रोश जताया गया और इसके विरोध में 11 मई को सेल प्रबंधन के कर्मचारी विरोधी नीति एवं ठेका श्रमिकों का 35% छटनी एवं 26 हजार न्यूनतम वेतन को लेकर के सुबह 7:45 से 8:45 तक मुर्गा चौक में प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया।

■ वेतन समझौता व छंटनी को लेकर इंटक करेगा प्रदर्शन

बैठक में बताया गया कि सेल प्रबंधन के एकतरफा निर्णय लेते हुए कर्मचारियों के ग्रेडिंग में 20% कर्मचारियों को ओ ग्रेड दिया जाएगा । वहीं, 25% कर्मचारियों को ग्रेड देना साफ 25 प्रतिशत कर्मचारियों को बी-ग्रेड देना ही है 55% कर्मचारियों को ए और सी ग्रेड दिया जाएगा। प्रबंधन का एक तरफा निर्णय से कर्मियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। महासचिव संजय साहू ने बताया कि बैठक में जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाकर सेल कर्मियों के वेतन समझौता को भी जल्द पूर्ण कर 39 महीने के लंबित एरियर्स का भुगतान की मांग की गई।

### जल्द शुरू करें सब्जेक्ट टू वेकेशन

बैठक में बीएसपी कर्मचारियों के लिए 650 वर्ग फीट तक के सभी आवास को जल्द लाइसेंस में देने, एनजेसीएस की कमेटी गठित करने, संयंत्र में कर्मचारियों के लिएरेडियो फिर्कवेंशी आईडेंटिफिकेशन डिवाइस को बंद करने व सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम फिर शुरु करने और बीएसपी के मंगल भवन को पंजाब नेशनल बैंक से खाली कराने की भी मांग की। बैठक में पूरन वर्मा जी आर सुमन विश्वनाथ सिंह साहू सुरेश श्याम कुमार जी के सूर्यवंशी रेशम राठौर रमन मूर्ति सीपी वर्मा रमन मूर्ति ताम्रध्वज सिंन्हा गुरुदेव साहू दीनानाथ सिंह सार्वा विजय विश्वकर्मा जयराम ध्रुव गोविंद राठौर आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### निसार को भावभीनी विदाई दी चिकित्सा बिरादरी ने

**भिलाई।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में सहायक ग्रेड 1 मिर्जा निसार अहमद गुरुवार को शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय दुर्ग में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। मुख्य अतिथि डॉ. सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक आशिषन मिंज ने कहा कि जिस संस्था मे पदस्थ हुए वहीं से सेवानिवृत्त होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

## चरोदा के फ्लैट में चल रहा था हुक्का बार, 6 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



लंबे समय से फ्लैट में हुक्का बार का संचालन कर पीने पिलाने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चरोदा स्थित विजय शांति हाईट्स के फ्लैट में युवकों द्वारा हुक्का पिलाने, पीने का काम चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर फ्लैट 23 में पुलिस ने दबिश दिया।

इस दौरान जैन मंदिर रोड भिलाई तीन निवासी उज्जवल जैन, जैन मंदिर रोड, सुभाष चौक भिलाई तीन हर्ष जैन, सी 2/503 महावीर लेकव्यू गंजपारा दुर्ग रौनक जैन, वार्ड 27, मकान नंबर 36, पोलसाय पारा हिमांशु वर्मा, मकान 38, सुभाष नगर दुर्ग उज्जवल चतुर्वेदी, एमआईजी 1/57 हुडको आयुष सिंह को पकड़ा गया है। युवकों के पास से पुलिस ने 3 नग हुक्का पॉट, 2 नग हुक्का बर्नर, 1 नग हुक्का चार्जर, 5 पैकेट प्लास्टिक पाइप 50 नग, 17 पैकेट हुक्का फ्लेवर, 1 डिब्बा हुक्का फ्लेवर, 1 पैकेट सिल्वर कॉइल पेपर जब्त किया। जिसकी कीमत 13 हजार 215 रुपए है। कार्रवाई में भिलाई तीन थाना प्रभारी अंबर सिंह भरतद्वाज समेत उनकी टीम का योगदना रहा है।

■ विजय शांति हाईट्स चरोदा में दबिश, हुक्का पीते-पिलाते पकड़े गए युवक

### सर्व अनु.जाति समाज की मांगों का करें निदान : रामटेके

**भिलाई।** अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिनिधि मंडल ऑल पीएसयू एससी/ एसटी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील रामटेके के नेतृत्व विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर मांग की। ज्ञापन में छग में विभिन्न राज्यों के बसे अनु. जाति वर्गों के लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने की मांग की।

श्री रामटेके ने बताया कि छत्तीसगढ़ में बौद्ध एवं अंबेडकरी समाज के लाखों लोग 50 वर्षों से निवास कर रहे हैं। यहां सभी समाज के लोगों को शासन में प्रतिनिधित्व दिया है लेकिन बौद्ध समाज को कहीं भी प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है । डोंगरगढ़, सिरपुर, भोंगापाल (आदिवासी क्षेत्र) को सर्वोच्च पर्यटन स्थल बनाने के साथ समाज के छात्र छात्राओं को योग्यता के आधार पर सरकारी पदों पर नियुक्ति की जाए। गाढ़ा, उड़िया, बसोड, रविदास समाज आदि वर्गों की समस्या विधिवत निराकरण किया जाए।



## माहेश्वरी भवन का शिलान्यास, सामंजस्य और समर्पण से जल्द पूरा होगा प्रकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

माहेश्वरी समाज दुर्ग के बहुप्रतीक्षित माहेश्वरी भवन निर्माण अंजोरा स्थित महेश भूमि हॉलमार्क ग्रीन सिटी में शिलान्यास और भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी कमल सारडा ने कहा कि किसी भी बड़े प्रकल्प को सफल बनाने के लिए अहंकार रहित सोच, समभाव और आपसी सामंजस्य जरूरी है। इसी भावना से भवन का निर्माण किया जाना चाहिए। प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश मूंधड़ा ने समाज से अपनत्व और समर्पण को अपनी ताकत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने भरोसा जताया कि इसी एकजुटता से भवन निर्माण जल्द पूरा होगा और लोकार्पण का अवसर भी शीघ्र आएगा। दुर्ग अध्यक्ष देवरतन तापड़िया ने इसे समाज के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा शिलापट्टिका का अनावरण किया गया और प्रतीकात्मक रूप से ईंट व औजार रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के अध्यक्ष अशोक राठी ने बताया कि यह बहुउद्देशीय भवन समाज की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है, जो सामूहिक सहयोग से निश्चित रूप से साकार होगा। कार्यक्रम में नारायण राठी, नंदकिशोर राठी, गजेंद्र चाण्डक, मोहन राठी, विठ्ठल भूतड़ा, सत्यनारायण भूतड़ा, ओमप्रकाश टावरी, मुरारी भूतड़ा, राधेश्याम राठी, बाबूलाल काबरा, चतुर्भुज राठी, नरसिंग दास भूतड़ा, मधु सोमानी, निधि झंवर, नरेंद्र लोहिया, नितिन माहेश्वरी सहित माहेश्वरी महिला मंडल और युवा संगठन की भी सक्रिय भागीदारी रही।



## वार्ड-48 के पंप हाउस के आसपास होगी चेन लाइटिंग, विधायक देवेंद्र ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वार्ड 48 में विधायक देवेन्द्र यादव ने विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पंप हाउस क्षेत्र में चेन लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिससे इलाके की सुंदरता बढ़ने के साथ सुरक्षा भी मजबूत होगी। साथ ही अन्य जरूरी बुनियादी कार्य भी जल्द शुरू किए जाएंगे, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिलेगा।

विधायक ने कहा कि जनता की मांग को प्राथमिकता देते हुए मंदिर प्रांगण के सौंदर्यकरण का निर्णय लिया गया है। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और वातावरण मिलेगा। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार जताया और इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद शुभम झा, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डु खान, जिला उपाध्यक्ष डी. कामराजु, बादल डे, गुणानंद झा, मोहम्मद फिरोज गौस आदि उपस्थित थे।



## बुद्ध पूर्णिमा पर सामूहिक त्रिशरण-पंचशील पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

त्रिगुणी पावन पर्व वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सेक्टर-6 स्थित बुद्ध विहार में दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तथागत सम्यक संबुद्ध के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण से हुई।

■ बुद्ध विहार सेक्टर-6 स्थित बुद्ध विहार में हुआ आयोजन

बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। शैलेश भीमटे के मार्गदर्शन में उपस्थित बौद्ध उपासकों ने त्रिशरण और पंचशील ग्रहण किया तथा बुद्ध वंदना, धम्म वंदना और संघ वंदना के साथ सामूहिक परित्राण पाठ किया गया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष वर्षा ताई बागड़े ने सभी को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। महेंद्र गजभिए ने बताया कि वैशाख पूर्णिमा को त्रिगुणी पावन पर्व इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसी दिन लुंबिनी नेपाल में सिद्धार्थ गौतम का जन्म हुआ। बोधगया में उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ और कुशीनगर में महापरिनिर्वाण प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में केएन कांडे एमडी अपेक्स बैंक, सुनील रामटेके चेयरमैन ऑल इंडिया पीएसयू एसटी-एससी एम्प्लाइज एसोसिएशन, महासचिव सुधेश कुमार रामटेके सहित कई गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक-उपासिकाएं उपस्थित थे।



### भाजपा की जीत पर विधायक कार्यालय में जश्न

**भिलाई।** तीन राज्यों में पश्चिम बंगाल, पांडिचेरी, असम में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर वसुंधरा नगर विधायक कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू के नेतृत्व में पटाखे फोड़ कर मिठाइयां बांटी गई। इस अवसर पर भाजपा चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर, विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, पार्षद फिरोज फारुकी, नेता प्रतिपक्ष खिलावन वर्मा, पूर्णिमा ठाकुर, परमजीत सिंह, सुशांत वर्मा, श्याम सुंदर जयसवाल,हेमराज साहू , मुकेश अग्रवाल, उषा चौहान पार्षद प्रेमलता चंद्राकर, रीना चंद्राकर, ममता सिंह, सुजाता डोंगरे, मीना साव, रेचल मसीह, पूनम श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद थे।



### जुनवानी में आयोजित शिविर में पहुंचे कलेक्टर

# सुशासन तिहार शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत आयोजित सुशासन तिहार 2026 के तहत जुनवानी में लगाए गए शिविर का कलेक्टर अभिजीत सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिविर में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं, प्राप्त आवेदनों तथा उनके निराकरण की स्थिति का अवलोकन किया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराई और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंच सके। कलेक्टर ने शिविर में आए नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा आयोजित यह शिविर नागरिकों की समस्याओं और मांगों के समाधान के उद्देश्य से लगाया गया है, जिससे लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके।

### बरसात से पूर्व नाला और नालियों की सफाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड 23 घासीदास नगर, बौद्ध बिहार के पीछे स्थित हाउसिंग बोर्ड बस्ती में वर्षा ऋतु पूर्व नाला सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नाले में जमा कचरा और गंदगी को निकालकर व्यवस्थित रूप से हटाया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। सफाई कार्य से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था सुचारू होगी और नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। निगम द्वारा मानसून से पहले इस प्रकार के सफाई कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे शहर में स्वच्छता बनी रहे और बीमारियों के फैलने की संभावना भी कम हो। साथ ही नागरिकों से भी अपील की गई है।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### निर्माण कार्यों के लिए 19.50 लाख स्वीकृत



**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कवर्धा विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए 19 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी कवर्धा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की अनुशंसा से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के कवर्धा शहर के वार्ड क्रमांक 16 मां दंतेश्वरी वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए और वार्ड 13/14 में महर्षि कश्यप चौक निर्माण के लिए 9 लाख 75 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

### सांसद की अनुशंसा पर निर्माण कार्य स्वीकृत



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कवर्धा और सहसपुर लोहारा विकासखंड के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए 9 लाख 98 हजार 700 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद कवर्धा, सहसपुर लोहारा को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। सांसद संतोष पाण्डेय की अनुशंसा से ग्राम पंचायत लखनपुर कला में भवन निर्माण कार्य सरस्वती शिशु मंदिर के पास के लिए 4 लाख 99 हजार 900 रूपए, श्री रामजानकी मंदिर के पास सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 1 लाख 99 हजार 200 रूपए और ग्राम पंचायत गौरमाटी में मंदिर के सामने कांक्रीटीकरण कार्य के लिए 3 लाख 99 हजार 700 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

### बारहपानी गांव तक पहुंची पक्की सड़क

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल और पहाड़ी क्षेत्रों में बसे गांव, जो कभी विकास की मुख्यधारा से कटे हुए थे, आज तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। कठिन परिस्थितियों के कारण यहां के ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब प्रधानमंत्री जनमन योजना से इन गांवों की तस्वीर बदल रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के सतत प्रयासों से पहाड़ों की घाट कटिंग कर सुदूर वनांचल क्षेत्रों तक पक्की सड़कों का निर्माण किया गया है। कवर्धा विधानसभा अंतर्गत संभूपीपर से बरहापानी तक लगभग 5 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण किया गया है, जिसकी कुल लागत 3.89 करोड़ रुपए है।
बारहपानी गांव, जिसकी कुल जनसंख्या 231 है, इस सड़क निर्माण के बाद अब विकास की गति प्राप्त कर रहा है।

**अनदेखी:** 42 डिग्री तापमान में छांव तक नसीब नहीं, किसानों का फूटा गुस्सा

# उद्घाटन के इंतजार में किसान सदन अन्नदाता को नहीं मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बोड़ला।

तहसील मुख्यालय बोड़ला में किसानों की सुविधा और सम्मान के उद्देश्य से निर्मित बलराम सदन आज अपनी ही दुर्दशा का प्रतीक बन गया है।

लाखों रुपए खर्च कर तैयार किया गया यह भवन प्रशासनिक उदासीनता और वीआईपी मानसिकता की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। हालत यह है कि किसानों के उपयोग के लिए बना यह सदन अब तक सिर्फ इसलिए बंद पड़ा है क्योंकि किसी बड़े जनप्रतिनिधि को इसका उद्घाटन करने का समय नहीं मिल पा रहा है। इस गंभीर समस्या और भीषण गर्मी के बीच बीते सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचे किसानों का धैर्य उस समय जवाब दे गया, जब 42 डिग्री से अधिक तापमान में उन्हें बैठने तक की उचित व्यवस्था नहीं मिली।

दूर-दराज के वनांचल इलाकों से करीब 30 किलोमीटर का सफर तय कर आए किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इतनी गर्मी में काम के लिए आना मजबूरी है, लेकिन यहां छांव तक उपलब्ध नहीं है। सामने बना शानदार भवन ताले में बंद है, जबकि जरूरतमंद लोग खुले आसमान के नीचे परेशान हो रहे हैं। किसानों ने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार और उनके मंत्रियों ने किसानो के नाम पर दे रही है कि जमीनी समस्याओं की ओर ध्यान देने की प्राथमिकता कहीं पीछे छूट गई है।

**वीआईपी उद्घाटन के कारण उपयोग से वंचित भवन पर उठे सवाल**




चौंकाने वाली बात यह भी है कि जिस भवन का अभी औपचारिक उद्घाटन नहीं हुआ, उसमें पहले ही दरारें दिखाई देने लगी हैं। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### वीआईपी इंतजार बनाम जनता की जरूरत

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब यह भवन सार्वजनिक धन से बना है, तो इसका लाभ तुरंत आम लोगों को मिलना चाहिए। किसी खास व्यक्ति के उद्घाटन का इंतजार करना, किसानों के साथ अन्याय के समान है। अन्य स्थानों पर ऐसे भवनों का संचालन शुरू हो चुका है, लेकिन बोड़ला में अब तक ताला लगा होना कई सवाल खड़े करता है।

#### जिम्मेदारी कौन लेगा?

तेज गर्मी के बीच यदि किसी किसान की तबीयत बिगड़ती है, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगी? अधिकारी आरामदायक दफ्तरों में बैठकर हालात से बेखबर बने हुए हैं, जबकि किसान खुले में परेशान हो रहे हैं। यह मामला सिर्फ एक भवन के बंद रहने का नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान और उनकी जरूरतों की अनदेखी का है जिसमें किसानों की जरूरत से ज्यादा औपचारिकताएं और वीआईपी संस्कृति को अहमित दी जा रही है।

# माहेश्वरी सभा बेमेतरा की नई कार्यकारिणी घोषित, काबरा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बेमेतरा



■ अनुभव और युवा ऊर्जा का संगम, समाज को सशक्त बनाने का संकल्प

माहेश्वरी समाज को संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में माहेश्वरी सभा बेमेतरा की नई कार्यकारिणी (सत्र 2026–2029) का गठन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। दुर्ग जिला अध्यक्ष देवरतन तापड़िया के मार्गदर्शन में घोषित इस नई टीम में अनुभव और युवा जोश का संतुलित समावेश देखने को मिला है। नई कार्यकारिणी में कैलाश चंद काबरा को अध्यक्ष और अमित माहेश्वरी को महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी देवरतन तापड़िया को संरक्षक बनाया गया है, जिससे संगठन को मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

#### संगठन विस्तार में संतुलित भागीदारी

उपाध्यक्ष पद पर मोतीलाल गिलड़ा एवं सुनील डागा को जिम्मेदारी दी गई है। सह-सचिव के रूप में ताराचंद चाचा और विनय लाखोटिया कार्य करेंगे, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर अशोक राठी को नियुक्त किया गया है। संगठन मंत्री के रूप में अशोक भूतड़ा तथा प्रचार-प्रसार मंत्री के रूप में संतोष चांडक को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### वरिष्ठों का अनुभव युवाओं का उत्साह

विशेष आमंत्रित सदस्यों में लक्ष्मीनारायण राठी, डॉ. मोतीलाल टावरी, जगदीश भूतड़ा, जगदीश राठी एवं दुलीचंद चांडक शामिल हैं। भवन संचालन समिति में अध्यक्ष कैलाश चंद काबरा, महामंत्री अमित माहेश्वरी, हर्ष माहेश्वरी, दीपक डांगरा (पदेन) तथा कुमारी नीतू कोठारी को शामिल किया गया है।

इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अनिल माहेश्वरी, ईश्वर सोनी, श्याम सुंदर राठी, संजय बजाज, अमर चंद गिलड़ा, अजय राठी, ईश्वर चांडक एवं हरीश गांधी को मनोनीत किया गया है। जिला स्तर पर प्रतिनिधित्व के लिए चम्पालाल डांगरा, संजीव लाखोटिया और अरुण राठी सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष कैलाश चंद काबरा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि पूरी टीम समाजहित और जनसेवा के कार्यों में समर्पित भाव से कार्य करेगी। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद माहेश्वरी समाज में खुशी का माहौल है और नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है।

# लो वोल्टेज तथा बिजली कटौती से उपभोक्ता त्रस्त

## हर रोज घंटों के लिए गायब हो रही बिजली




■ रखरखाव के नाम पर निभाई जा रही सिर्फ औपचारिकताएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कवर्धा

एक तो इन दिनो पड़ रही भीषण और जीवलेवा गर्मी और उस पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल तथा चरमराई विद्युत व्यवस्था ने पूरे जिले के उपभोक्ताओं को हलाकान तथा परेशान कर दिया है।

क्या जिला मुख्यालय कवर्धा और क्या ग्रामीण तथा वनांचल हर जगह के उपभोक्ताओं का सिर्फ एक ही रोना है कि उन्हे सुचारू रूप से बिजली अपूर्ति नहीं हो रही है तथा लाख शिकवा शिकायत के बाद भी विभाग उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा है।

ऐसी ही शिकवा शिकायत अब जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम चिल्फी से निकलकर सामने आ रही है। इस वनांचल ग्राम बासिंदों का कहना है कि इस साल प्रदेश के हिल स्टेशन कहे जाने वाली चिल्फीघाटी ने भी गर्मी के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं और इन दिनो यहां भी भीषण गर्मी का कहर देखने को मिल रहा है।

इस मौसमी आफत के बीच उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति कराने में पूरी तरह से अक्षम साबित हो रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एक तो दिन में कई-कई घंटे बिजली गुल रखी जा रही है और बिजली आपूर्ति बहाल भी होती है तो वोल्टेज इतना कम होता है कि पंखा कूलर चल ही नहीं पाते। जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होने बताया कि इस संबंध में जब विद्युत विभाग के जेई से शिकावा शिकायत की जाती है तो वे इसे समस्या मानने को ही तैयार नहीं है। ऐसे में उपभोक्ता समझ नहीं पा रहे हैं कि जब विभाग के एक जिम्मेदार अधिकारी ही अपनी जिम्मेदारियों से बचने के लिए समस्या को ही समस्या नहीं मान रहे हैं तो समस्या का समाधान कौन करेगा। ग्रामीण उपभोक्ताओं ने अब प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी की विद्युत व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

#### कवर्धा में घंटो गायब हो रही बिजली

जिला मुख्यालय कवर्धा की बात ही जाए तो यहां मंगलवार को सुबह से ही बिजली की आंख मिचोली जारी थी। दोपहर बाद मौसम खराब होने पर पुनः पॉवर कट कर दिया गया और घंटों बिजली आपूर्ति ठप रही। उपभोक्ताओं की माने तो कवर्धा शहर में यह सिर्फ एक दिन की बात नहीं है बल्कि रोज का ढर्रा हो चुका है। जबकि विभाग द्वारा रखरखाव के नाम से प्रतिदिन शहर के अलग-अलग ईलाकों की बिजली गुल की जा रही है। उसके बाद भी स्थिति ये है कि जरा सी हवा पानी की स्थिति निर्मित हुई नहीं की बिजली घंटो के लिए गायब हो रही है।

#### लोगों के कामकाज हो रहे ठप

कवर्धा सहित पूरे जिले में चरमराई विद्युत व्यवस्था ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार हो रहे अघोषित पॉवर कट से लोगों के दैनिक कार्यों में बाधा आ रही है, वहीं व्यापारियों और छोटे उद्योगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां घंटों बिजली आपूर्ति ठप रहती है।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या विद्यालय बेमेतरा में व्याख्याता दुर्गा राम साहू एवं योगेन्द्र वर्मा के सेवानिवृत्ति अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। दोनों शिक्षकों ने फरवरी माह में अपनी अधिवार्षिकी पूर्ण कर सेवामुक्ति प्राप्त की थी। शिक्षा सत्र के अंतिम दिवस आयोजित इस कार्यक्रम में दोनों सेवानिवृत्त व्याख्याताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में दोनों व्याख्याताओं की उपस्थिति एवं प्राचार्य कविता बाचपेयी की अध्यक्षता में हुआ।

इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके लंबे सेवाकाल, कार्यशैली एवं अनुशासन की सराहना की। प्रमोद ठाकुर ने उनके व्यक्तित्व एवं कार्यों का उल्लेख करते हुए स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। एस.एन. अली ने साथ बिताए पलों को याद करते हुए भावुक शब्दों में शुभकामनाएं दीं। हिरेंद्र साहू एवं आराधना जोसेफ ने उनकी कार्यशैली को अनुकरणीय बताया। प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे ने उनके निष्कलंक सेवाकाल की सराहना करते हुए बधाई दी। प्राचार्य कविता बाचपेयी ने दोनों शिक्षकों की सादगी, समयपालन एवं कर्तव्यनिष्ठा को विद्यालय के लिए प्रेरणास्रोत बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने उद्बोधन में योगेन्द्र वर्मा ने 43 वर्षों की सेवा यात्रा के अनुभव साझा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के बीच रहना उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा। वहीं दुर्गा राम साहू ने अपने विशिष्ट अंदाज में संबोधन देकर समारोह को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में दोनों सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन नेहा ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन ऋचा मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अतरिया खुर्द में सांसद ने रखी विकास कार्यो की नींव

**कवर्धा।** अतरिया खुर्द ग्राम पंचायत में स्थित भक्ति कर्मा माता मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री समग्र मद से शेड निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम विधिवत संपन्न हुआ।

■ अन्य निर्माण कार्य हेतु 12 लाख की घोषणा

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडरिया की विधायक भावना बोहरा ने की। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सियाराम साहू भी मंच पर मौजूद रहे।

इसके अलावा कई अतिविशिष्ट एवं विशिष्ट अतिथियों तथा क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मंदिर परिसर के विकास के लिए लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संतोष पाण्डेय ने अतिरिक्त निर्माण कार्यों के लिए 12 लाख रुपये की घोषणा भी की, जिससे क्षेत्र के विकास को और गति मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत अतरिया के सरपंच नरेश साहू ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया।

# 10-12 वीं में पुनर्मूल्यांकन 14 मई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कवर्धा

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित दसवीं व बारहवीं वार्षिक परीक्षा के प्राप्तांकों से असंतुष्ट विद्यार्थियों के लिए पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना या उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति प्राप्त करने हेतु परीक्षाफल घोषित दिनाँक से पंद्रह दिवस के अंदर अर्थात 14 मई तक अंतिम तिथि निर्धारित है।

इन तीनों प्रक्रिया या किन्ही दो प्रक्रिया या किन्हीं एक प्रक्रिया के लिए आवेदन किया जा सकता है। पुनर्गणना के लिए प्रति विषय एक सौ रुपए, पुनर्मूल्यांकन हेतु प्रति विषय पांच सौ रुपए एवं उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति प्रदाय करने के लिए प्रति विषय पांच सौ रुपए शुल्क निर्धारित है। विद्यार्थी अग्रेषण संस्था के माध्यम से या मण्डल की वेबसाईट पर स्वयं आवेदन कर सकते हैं।

शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन दो मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा कराया जाता है तथा दोनों मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दिए गए अंकों के औसत पूर्व में प्राप्त अंकों से पांच प्रतिशत या उससे अधिक अंक वृद्धि होने पर ही मान्य किए जाने का प्रावधान है।

पुनर्मूल्यांकन में अंकों की कमी होने पर अंक घटाए नहीं जाएंगे। पुनर्गणना में अंकों की कमी या वृद्धि दोनों मान्य किया जाता है।

**पूरक परीक्षा के लिए आवेदन का अंतिम तिथि 30 मई**




प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर ने द्वितीय मुख्य परीक्षा 2026 के लिए आगामी तीस मई तक अंतिम तिथि निर्धारित किया है। इसमें वार्षिक परीक्षा 2026 में पंजीकृत वे विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं, जो पूरक श्रेणी, अनुत्तीर्ण या उत्तीर्ण पश्चात श्रेणी सुधार करना चाहते हैं। वार्षिक परीक्षा 2025 में प्रथम बार पंजीकृत होकर अनुत्तीर्ण या पूरक परीक्षार्थी भी क्रेडिट योजना के तहत पात्रतानुसार अनुत्तीर्ण विषयों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए निर्धारित तिथि तक नियमित परीक्षार्थी अपने विद्यालय से तथा स्वाध्यायी या अवसर परीक्षार्थी समन्वय संस्था के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर तीन दिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कवर्धा

पीजी कॉलेज कवर्धा में गणित विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।



इस वर्ष आयोजन की थीम गणित, कला एवं सृजनात्मकता रखी गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन से हुआ। प्रभारी प्राचार्य दीपक देवांगन ने उद्घाटन संबोधन में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदानों को रेखांकित करते हुए गणित के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. एमएस गुप्ता ने रामानुजन के जीवन एवं उनकी गणितीय खोजों पर व्याख्यान दिया, जबकि डॉ. एसआर टंडन ने एआई एवं आईओटी में गणित की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रथम दिवस का समापन हुआ। आगामी दिनों में विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की

सीएम साय ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# ग्राम कमराखोल का बिजली संकट दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कवर्धा

प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का 4 मई को सुदूर वनांचल ग्राम कमराखोल का दौरा आमजन के लिए राहत और विश्वास का संदेश लेकर आया।

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आम पेड़ के नीचे आयोजित चैपाल में मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को आत्मीयता से सुना और मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह दृश्य शासन और जनता के बीच विश्वास के मजबूत रिश्ते का जीवंत उदाहरण बन गया। इस पहल से क्षेत्र के लोगों में खुशी है।



#### जमीन पर दिखी संवेदनशीलता

मुख्यमंत्री श्री साय की कार्यशैली केवल आश्वासन तक सीमित नहीं रही। उन्होंने तत्काल कलेक्टर को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि कमराखोल सहित आसपास के गांवों के लोगों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और समस्याओं का समाधान उनके अपने गांव में ही हो सके। इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जानकारी दी कि जिले में अब तक 13 हजार से अधिक उपभोक्ता इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं और उन्हें कुल 11.75 करोड़ रुपये से अधिक की छूट प्रदान की जा चुकी है।

#### बिजली बिल की चिंता पर मिला भरोसे का समाधान

चौपाल के दौरान जब एक ग्रामीण ने बढ़ते बिजली बिल और बकाया राशि को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की, तो मुख्यमंत्री ने उसे बीच में ही आश्वस्त करते हुए कहा परेशान होने की जरूरत नहीं है, आपकी सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की बिजली बिल भुगतान समाधान योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई है, जिसके तहत पुराने बकाया बिलों में व्यापक छूट प्रदान की जा रही है। घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ कृषि पंप धारकों को भी योजना का लाभ मिल रहा है, जबकि बीपीएल परिवारों के लिए विशेष रियायतों का प्रावधान किया गया है।

